सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-420
12/09/2017

बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना 12 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री के कार्यालय कक्ष में बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव ने चार करोड़ रूपये का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। इसके अतिरिक्त पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक की ओर से सहकारिता मंत्री श्री राणा रंधीर सिंह ने पॉच लाख रूपये का चेक तथा परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******